मानसरोवर में 468 मकान मालिकों को ग्रेटर निगम ने नोटिस थमाया

मध्यम मार्ग पर बनी दुकानों और अवैध निर्माण को 7 दिन में हटाने की चेतावनी

जयपुर (कासं)। मानसरोवर में मध्यम मार्ग पर बसने वाले 468 परिवारों को ग्रेटर नगर निगम ने अवैध निर्माण हटाने का नोटिस थमाया है। अचानक इन नोटिसों के मिलने के बाद स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों में हड़कंप मच गया है। हाईकोर्ट के आदेशों पर ग्रेटर निगम प्रशासन ने इन अवैध निर्माणों को 7 दिन में हटाने का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर वक्त रहते निर्माण हटाया नहीं गया तो यह कार्रवाई नगर निगम करेगा। इन नोटिसों के विरोध में व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने बुधवार को स्थानीय पार्षद एवं चेयरमैन अभय पुरोहित की अगुवाई में बैठक बुलाई। जहां फैसला हुआ कि व्यापारी इन नोटिसों को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। व्यापारियों ने इसके लिए संघर्ष समिति बना ली है।

जयपुर नगर निगम ग्रेटर के मानसरोवर जोन उपायुक्त मुकेश चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक याचिका पर आदेश देते हुए अवैध निर्माण को चिह्नित कर नोटिस देने और उन पर कार्रवाई करके पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं आदेशों की पालना में आज इन सभी घरों को नोटिस जारी किए गए हैं। इन नोटिसों में इन सभी को अपने स्तर पर अवैध निर्माण या आवासीय में जो व्यवसायिक गतिविधियां संचालित है, उनको हटाने के लिए कहा है। अगर कोई नहीं हटाएगा तो नगर निगम अपने स्तर पर कार्रवाई करके इन्हें हटाएगा।

ग्रेटर नगर निगम से नोटिस मिलने के बाद मानसरोवर क्षेत्र के व्यापारियों ने चेयरमैन अभय पुरोहित की अगुवाई में बुधवार को बैठक बुलाकर चर्चा की।

- ग्रेटर नगर निगम से मिले इन नोटिसों के बाद पीड़ित परिवारों में हड़कंप मचा
- विरोध में दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने पार्षद अभय पुरोहित की अगुवाई में मीटिंग की
- बैठक में निर्णय हुआ कि नगर निगम के नोटिस के विरोध में लोग कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे

बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट ने यह आदेश मानसरोवर निवासी मनमोहन नागपाल की याचिका पर सुनवाई के बाद दिए है। नागपाल का मानसरोवर के सेक्टर 30 में फ्लैट है जो प्रथम मंजिल पर है और ग्राउंड फ्लोर पर बने फ्लैट व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थी। इसके अलावा फ्लैट मालिक ने सैट बैक एरिया में भी दुकानें बना रखी हैं। नगर निगम ग्रेटर ने 2 मार्च को इन दुकानों को सील कर दिया था। इस पर दुकान मालिक अनिल गुप्ता ने हाईकोर्ट में पेश होकर कोर्ट को बताया कि करीब 5 किलोमीटर लंबे पूरे मध्यम मार्ग पर ही आवासीय मकानों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो अकेले उसकी ही दुकानों को क्यों सील किया गया है? इस पर कोर्ट ने नगर निगम ग्रेटर को मध्यम मार्ग का सर्वे करके रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

बुधवार को मानसरोवर में नगर निगम ग्रेटर मानसरोवर जोन के द्वारा हाईकोर्ट के आदेश के बाद नोटिस जारी किए गए, जिनका व्यापारियों ने विरोध किया। सभी व्यापार मंडलों ने एकजुट होकर एक मीटिग बुलाई, जिसमें निर्णय लिया कि मानसरोवर व्यापार महासंघ संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा और कानूनी राय के साथ अपना संघर्ष करेंगे। मीटिग में जयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सिंह संचोरा, स्थानीय पार्षद मुकेश लख्यानी, अभय पुरोहित, शक्ति प्रसाद यादव, राम अवतार गुप्ता, सद्भावना व्यापार मंडल के संरक्षक मनोज पांडे, अध्यक्ष दीपक जगा सेंट्रल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोठवाल, महामंत्री भवर पंडित, आदर्श व्यापार मंडल के रामअवतार शर्मा, थड़ी मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चौधरी, बड़ा बाजार में व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोविद लालवानी, पटेल मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

बहू ने लगाया ससुर पर दुष्कर्म का आरोप

जयपुर (कासं)। शास्त्री नगर थाने में एक विवाहिता ने अपने ससुर के खिलाफ मारपीट और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। यही नहीं महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट करने और कमरे में बंद रखने की शिकायत दी हैं। पीड़िता की ओर से दी गई शिकायत पर शास्त्री नगर थाना पुलिस ने पीड़िति के पति, ससुर समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर उसके बयान दर्ज कर लिए है।

पीड़िता ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि उसका पति उस पर शारीरिक व मानसिक रूप से अत्याचार करता है। उसके पति के द्वारा उसे 4 माह से एक कमरे में बंद किया हुआ था। खिड़की से ठंडी रोटियां तथा घर का बचा हुआ खाना उसे दिया जाता था। कभी-कभी तो पीड़िता को भूखा भी रखा जाता था। महिला ने शिकायत में बताया कि उसके ससुर के द्वारा उसके साथ अश्लील हरकतें तथा दो तीन बार उसके साथ दुष्कर्म भी किया। जब इसकी जानकारी पीड़िता ने अपने पति को दी तो उसके पति के द्वारा उसके साथ गंभीर मारपीट की गई। मारपीट के बाद फिर महिला को कमरे में बंद कर दिया गया। गत 17 मार्च को सुबह 8 बजे पति के द्वारा मारपीट कर महिला को कमरे में बंद कर दिया गया। इसके बाद आरोपी मौके से कहीं चला गया। इस पर कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं ने महिला को बाहर निकाला और पुलिस के सामने पेश किया। इसके बाद पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया हैं।

आई.पी.डी. टावर का काम देखने पहुंचे जेडीए आयुक्त

रवि जैन ने प्रोजेक्ट की धीमी गति देख अफसरों को फटकार लगाई

जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने बुधवार को एस.एम.एस. अस्पताल पहुंचकर निर्माणाधीन आई.पी.डी. टावर का जायजा लिया।

जयपुर । एस.एम.एस. अस्पताल परिसर में बन रहे आईपीडी टॉवर का बुधवार को जेडीसी रवि जेन ने दौरा किया। इस दौरान प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में अफसरों से जानकारी ली।

जेडीसी ने अधिकारियों व सम्बंधित फर्म के प्रतिनिधि को तय समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जेडीसी ने प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार देखकर अफसरों को ही फटकार लगाई। उन्होंने जेडीए के अन्य प्रोजेक्ट्स की समीक्षा भी की। जेडीसी ने आईपीडी टॉवर प्रोजेक्ट की वर्तमान प्रगति का मौका निरीक्षण कर अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों एवं सम्बंधित फर्म को निर्माण कार्य में तेजी लाने और परियोजना को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना कार्य में किसी भी तरह के समस्या व कठिनाई आने पर उन्हें सूचित करने की बात कही। जेडीसी ने बताया कि आईपीडी टावर के साथ ही एसएमएस अस्पताल में इंस्टीट्यूट ऑफ़ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज का भी निर्माण किया जाएगा। करीब 588 करोड़ की लागत से दोनों प्रोजेक्ट को तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसएमएस अस्पताल में बनाया जा रहा आईपीडी टॉवर देश का सबसे बड़ा टॉवर होगा। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। पूरे प्रोजेक्ट को 2 फेज में पूरा किया जाएगा।

संक्षिप्त

राष्ट्रीय सेमीनार 23 व 24 मार्च को होगा

जयपुर (कासं)। राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर और सीडेक पुणे की ओर से 23 व 24 मार्च को वेटरनरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित किया जायेगा। पुरालेख अधिकारी ने आदेश जारी कर तमाम अधिकारी-कर्मचारियों को 23 मार्च को प्रात: 9 बजे वेटरनरी कॉलेज में उपस्थित रहने को कहा है। साथ ही कहा है कि शाम को विभाग में आगंतुकों का विजिट रहेगा। यह लोग अगले दिन 24 मार्च को भी विभागीय सेमीनार समारोह में शरीक होंगे।

अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश

जयपुर । विधायकपुरी पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि गत 18 मार्च को एक युवक अजमेर पुलिया के नीचे गोपालबाड़ी में अचेत पड़ा मिला था। तबियत खराब देखकर पुलिस ने उसे एंबुलेंस के जरिये सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा, जहां आधे घंटे बाद डॉक्टर्स ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है, उसके पास कोई पहचान संबंधी कागजात नहीं मिले हैं।

लापता बुजुर्ग का सुराग नहीं

जयपुर (कासं)। अशोक नगर इलाके की भोजपुरा कच्ची बस्ती में रहने वाले बुजुर्ग पिछले दो दिन से लापता है, लेकिन पुलिस अब तक सुराग नहीं लगा पाई है। थानाधिकारी ने बताया कि भोजपुरा कच्ची बस्ती निवासी गणेश बर्मन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता जोलेश्वर बर्मन 20 मार्च को सुबह 11 बजे घूमने के लिए निकले थे। जब काफी देर बात भी वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग

जयपुर । प्रताप नगर इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 22 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। आरोप है परिचित मोनू धाकड़ ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। अब शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो उससे मारपीट कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

मालवीय नगर में महिला से ठगी

जयपुर । मालवीय नगर इलाके में एक महिला से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया अनुकंपा अपार्टमेंट, मालवीय नगर निवासी मधु सोरल ने रिपोर्ट दी है कि जालसाज ने 19 मार्च को ब्लूडॉर्ट कंपनी की तरफ से मैसेज कर एक लिंक भेजा, जिसे खोलते ही बैंक खाते से 48 हजार रूपर पार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घट स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

आमेर स्थित शिला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

नवरात्र स्थापना पर आमेर स्थित शिला माता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी।

जयपुर (कासं)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बुधवार को घर-घर में घट स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र शुरू हुए। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालु शक्ति की देवी मां दुर्गा और मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की आराधना में लीन हो गए। यह सिलसिला नौ दिन जारी रहेगा। नवरात्र की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र तथा शुक्ल-ब्रह्म योग में होने और एक भी तिथि क्षय नहीं होने से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। भद्रा नहीं होने के कारण घट स्थापना के लिए पूरा समय मिला।

नौ आमेर के शिला माता, मनसा माता, दुर्गापुरा के दुर्गामाता, सूरजपोल के रूद्र घंटेश्वरी, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता, झालाना डूंगरी स्थित कालक्या माता मंदिर में हवन के बाद दुर्गा सप्तशती के पाठ हुए, वहीं राम मंदिरों में वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस की स्वर लहरियां गूंजायमान रही।

आमेर के शिला माता मंदिर में घट स्थापना से पूर्व ही हजारों श्रद्धालु दर्शन की आस में पहुंच गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा कर पहुंचे। घट स्थापना के बाद जैसे सुबह करीब साढ़े 7 बजे मंदिर के पट खुले तो श्रद्धालु मातारानी के जयघोष लगाते दर्शन करने अंदर पहुंचे। प्रसाद, चूनरी, नारियल चढ़ाकर मातारानी से आशीर्वाद लिया। आमेर रोड कनक घाटी स्थित गोविंद देवजी के अधीनस्थ मंदिर श्री देवी मनसा माता में नवरात्र महोत्सव का बुधवार को श्रीगणेश हुआ। गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में घट स्थापना की गई। इसके बाद चंडी पाठ, श्रृंगार, भोग आरती, पुष्पांजलि हुई। नवरात्र के दौरान मंदिर में दर्शन समय सुबह 5:30 बजे से 11 बजे तक तथा शाम को पांच से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि द्वितीया से पंचमी तक प्रतिदिन नक्षत्र अनुसार पूजा, चंडी पाठ, श्रृंगार, भोग, आरती, पुष्पांजलि होगी। दुर्गापुरा के श्री दुर्गा माता मंदिर में घट स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने बारी बारी दर्शन किए। मंदिर महंत महेन्द्र भट्टाचार्य ने बताया कि माता का ऋतु पुष्पों से विशेष श्रृंगार कर आरी-तारी की पोशाक धारण कराई गई। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यहां प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। गलता रोड, सूरजपोल बाजार के दर्जियों का रास्ता स्थित रूद्र घंटेश्वरी मंदिर में घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में की गई। मंदिर में भगवान शिव के 108 नामों से विभूषित रूद्र घंटिकाओं और माता रूद्रघंटेश्वरी का आलौकिक शृंगार और पूजा-अर्चना की गई।

ठेला संचालकों ने पार्षद के खिलाफ नारेबाजी की

जयपुर (कासं)। जगतपुरा व प्रताप नगर क्षेत्र के थड़ी-ठेला संचालकों ने बुधवार को क्षेत्रीय भाजपा पार्षद ममता शर्मा खिलाफ विरोध जताया। ठेला संचालकों का आरोप था कि इलाके में जो गरीब लोग छोटी-छोटी थड़ी-ठेले लगाकर अपना और अपने परिवार का पेट पालते हैं, उनसे पार्षद हफ्ता मांगती है। जब लोग पैसे देने से मना करते हैं तो ग्रेटर नगर निगम की सर्तकता शाखा को बुलवाकर उनके थड़ी-ठेले उठवा देती हैं। हालांकि पार्षद ममता शर्मा ने तमाम आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

ठेला संचालकों ने बुधवार को भी एकत्रित होकर पार्षद के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जताया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी जब पार्षद ने तंग किया था तो दो दर्जन से ज्यादा थड़ी-ठेले संचालकों ने नगर निगम मुख्यालय का घेराव किया था। तब आयुक्त महेन्द्र सोनी के आश्वासन पर हमने विरोध प्रदर्शन खत्म किया था।

ठेला संचालकों ने कहा कि वे बीते कई वर्षों से इसी जगह पर बैठकर अपना पेट पाल रहे हैं, उनके ठेले भी सड़क व फुटपाथ से दूर हैं, इसके बावजूद अवैध अतिक्रमण बताकर नगर निगम प्रशासन उन्हें खदेड़ने की कार्रवाई करता है। ऐसे में गरीब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

लोहे के सरिए व प्लेट चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। बिंदायका थाना पुलिस ने छत के सरिए, लोहे की प्लेट चुराने वाले शातिर आदतन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए सरिए, छत के लिए काम में लिए जाने वाली लोहे की प्लेट जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वादात के समय काम में ली गई बाइक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस पकड़े हुए आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारी जुटा रही है।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि 19 मार्च को बिंदायका थाने में एकता नगर एस ब्लॉक केसापुरा भांकरोटा निवासी हनुमान लाल कुमावत ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि उसकी साइड प्रियाशु विहार घुमाव पर एसएनजी पार्थ अफोर्डेबल आवास योजना के नाम से चल रही है। जहां पर उनका माल जिसमें सेन्टिंग का सामान प्लेट, जैक, सरिया साइड पर डाला हुआ था। इसी दौरान चोरों ने माल और कम्पनी का सरिया चार पांच बार चुरा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत, एसीपी बगरू अनिल शर्मा, थानाधिकारी बिंदायका भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गणेश नगर मोतीडूंगरी हाल जनकपुरी धाबास करणी विहार निवासी शुभम गुर्जर को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने अपने साथी हैप्पी राटौड़ के साथ बाइक से पांच छह बार में सरिया और प्लेट चुराना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया फरार आरोपी हैप्पी सिंह रात के समय अपने साथियों के साथ मकान निमार्ण में प्रयोग की जाने वाले सरिया, लोहे की प्लेट सहित अन्य सामान की चोरी करता है। पुलिस पकड़े हुए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

'राइट-टू-हैल्थ' बिल का विरोध कर रहे डॉक्टरों के बीच रार आई खुलकर सामने

आई.एम.ए. के मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ. विजय कपूर और डॉ. संजय आर्य पर कई आरोप लगाए

जयपुर । प्रदेशभर में राइट टू हैल्थ बिल को लेकर अब दो गुटों में बंटे डॉक्टरों में रार खुलकर सामने आने लगी है। इसके चलते आईएमए के मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ. विजय कपूर पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि आंदोलन की हकीकत यह है कि डॉ. विजय कपूर कल तक महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज का विज्ञापन कर रहे थे। डॉ. कपूर ने 20 सालों से पीएचएनएचएस के चुनाव नहीं करवाए। डॉ. गुप्ता ने दावा किया कि आज विजय कपूर में हिम्मत है तो वह महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को हड़ताल में शामिल करवाए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. संजय आर्य ने अपना खुद का अस्पताल महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को 3 लाख रुपए महीने में दे दिया। उन्होंने कहा कि आज ये डॉक्टरों की भावनाओं से खेल रहे है। मेरा जैसा कोई विरोध करता है तो उसे ग्रुप से सोसायटी से निकाल देते है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आज डॉ अर्चना शर्मा आत्महत्या आंदोलन की सी स्थिति है। डॉ. विजय कपूर के पास कोई भी एक्जिट प्लान नही है, अब वो एक फोटो में या कोई छद्म कमेटी बना कर कभी भी आंदोलन खत्म करवा देगा। बाद कमेटी को ही बदनाम कर देगा। आंदोलन को लेकर डॉ. गुप्ता ने कहा कि 'राइट-टू-हैल्थ' बिल के विरोध में पूरे राजस्थान में अनिश्चित कालीन बंद आगामी आदेश तक रहेगा।

- डॉ. संजीव गुप्ता के आरोपों पर पलटवार करते हुए डॉ. विजय कपूर ने कहा कि ''मैं ऐसे ओछे आरोपों व व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करना चाहता''
- एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर सैंकड़ों डॉक्टर्स ने अपने रजिस्ट्रेशन की प्रतियां जलाई
- आंदोलन के समर्थन में टीचर्स एसोसिएशन, जयपुर रेजिडेंट डॉक्टर्स एवं अन्य सरकारी चिकित्सकों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार किया

उधर दूसरी ओर बिल के विरोध में बुधवार को 'राइट-टू-हैल्थ' बिल के विरुद्ध डॉक्टर्स का आंदोलन जारी रहा। आज सुबह एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर सैंकड़ों की संख्या में डॉक्टर्स एकत्रित हुए। सभी ने डॉक्टर्स ने अपने अपने रजिस्ट्रेशन की प्रतियां जलाई। डॉ. विजय कपूर ने कहा की इस काले क़ानून के बाद चिकित्सकों के लिए राजस्थान प्रदेश में प्रैक्टिस करना असंभव हो गया है। इस कारण हम सभी अपने रजिस्ट्रेशन की प्रतियां जला रहे है। हम सभी दूसरे प्रदेशों में जाकर प्रैक्टिस करने को मजबूर है। हमारे कई साथियों ने पड़ोसी राज्यों में अस्पताल खोलने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश आज तक उच्च गुणवत्ता का इलाज किफ़ायती दरो पर देने के लिए मशहूर था। पड़ोस के राज्यों से मरीज़ यहाँ इलाज कराने आते थे। अब सरकार की इस हठधर्मिता के कारण न सिर्फ़ प्रदेश के डॉक्टर्स दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहें है। वहीं इलाज के अभाव में प्रदेश की जनता को भी दूसरे राज्यों में इलाज करवाने जाना पड़ेगा। इसके बाद जेएमए सभागार में बड़ी संख्या में सरकारी व निजी क्षेत्र के डॉक्टर्स एकत्रित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आंदोलन वर्तमान स्वरूप में जारी रहेगा और इसे और उग्र किया जाएगा। उधर आंदोलन के समर्थन में टीचर्स एसोसिएशन, जयपुर रेजिडेंट डॉक्टर्स एवं अन्य सरकारी चिकित्सकों ने दो घंटें कार्य बहिष्कार जारी रखा। डॉ. विजय कपूर ने कहा कि मैं ऐसे ओछे आरोपों और व्यक्ति पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। कपूर ने पूछा कि इस बिल से सरकार ऐसा क्या नया करना चाहती है जो वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। इस बिल के द्वारा सरकार केवल इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा देना चाहती है, जिसका प्रभाव न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ेगा बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ेगा। चिकित्सक समुदाय में बढ़ते हुए रोष का संज्ञान लेकर सरकार को तुरंत इस बिल को वापस ले लेना चाहिए। बहुत जल्द हम इसकी संवैधानिक वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।

सार-समाचार

बड़ी चौपड़ पर भगवा धर्म ध्वजा वितरित

बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर पर सर्व समाज हिंदू महासभा जयपुर की ओर से भगवा धर्म ध्वज बांटे गए।

जयपुर (कासं)। बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर पर सर्व समाज हिंदू महासभा जयपुर की ओर से भारतीय हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में भगवा धर्म ध्वजा का वितरण किया गया । साधु संतों ने सर्वप्रथम भारत माता की और धर्म ध्वजा की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित किया गया। संस्थापक चंद्रप्रकाश भाड़ेवाले ने बताया कि रामनवमी तक जयपुर शहर में 2 लाख धर्म ध्वजाओं का वितरण किया जाएगा। बड़ी चौपड़ पर 25 हजार से अधिक धर्म ध्वजाओं का वितरण किया गया। सर्व समाज हिंदू महासभा के द्वारा चैत्र नवरात्र एवं भारतीय हिंदू नववर्ष को पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है । संयोजक पूर्व पार्षद अजय यादव ने बताया कि भगवा ध्वजाओं का वितरण अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य, घाट के बालाजी महाराज सुदर्शनाचार्य, महाराज भागेंद्र व्यास, प्रताप सिंह चौहान अध्यक्ष श्याम मंदिर कमेटी, पार्षद कुसुम यादव, शंकर झालानी, पार्षद मनीष पारीक, पीयूष अग्रवाल एडवोकेट, दीनदयाल गर्ग, केशव अरोड़ा, हुकुमचंद अग्रवाल रघुवीर अग्रवाल अक्षय यादव, नरेश विजयवर्गीय, पिंकू शर्मा, उमेश शर्मा, विष्णु मीणा, पवन टिक्कीवाल, गुलाबचंद श्रीमाल, मनीष बिवाल और राजू बॉक्सर मौजूद थे।

दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस अकादमी में 35 प्रशिक्षु आर.पी.एस. के 53वें बैच का दीक्षांत परेड समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों की मुख्य अतिथि के रूप में सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधोसिंह सोढा एवं राजेन्द्र नैन को राष्ट्रपति पुलिस पदक, अमीन हसन, संत लाल मीणा, ओमप्रकाश वर्मा, विनय कुमार व्यास, हनुमान प्रसाद, दशरथ सिंह, श्रीमती जोगेंद्र कौर, गिरधारी लाल शर्मा, मुरार खां, भूरीलाल, कंवर लाल बिश्नोई, मदा राम, गजबी लाल, मुश्ताक कुरैशी तथा शकरू खां को पुलिस पदक प्रदान किया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने राजस्थान पुलिस के सुदढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व सेवा भावना से कार्य करने का आह्वान किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक राजीव शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि आरपीएस प्रोबेशनर बैच संख्या 53 में 35 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। इनमें 13 महिला अधिकारी शामिल हैं। इस अवसर पर खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव, मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनन्द कुमार, डीजी साईबर क्राइम डॉ रवि मेहरड़ा, एडीजी क्राइम दिनेश एम.एन.सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थियों के परिजन मौजूद थे।

डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग 19 अप्रैल से

जयपुर (का.सं.)। लीग सेक्रेटरी डॉ अनिल यादव ने बताया की तृतीय संस्करण डीपीटल का आयोजन 19 से 23 अप्रैल को जयपुर क्लब में आयोजित किया जाएगा। लीग चेयरनान डॉ जयंत सेन ने बताया की इस वर्ष पुरुष वर्ग में दस टीमों और जूनियर वर्ग में पांच टीमें भाग लेंगा। इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग /मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया की इस वर्ष डीपीटल में आल इंडिया ओपन डबल चैंपियनशिप का भी आयोजन होगा! टीम प्रतियोगिया के लिए खिलाडियों का चयन ट्रायल के द्वारा 26 मार्च और 2 अप्रैल को होगा !लीग चयनकर्ता डॉ दीपक गुप्ता और डॉ सचिन खटटर ने बताया की ट्रायल में जयपुर के अलावा चूरू, सीकर, झुंझुनूं, भरतपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, अजमेर, जालोर इत्यादि जिलों से करीब 150 खिलाडी भाग लेंगे। लीग कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज़ ने बताया कि खिलाडियों का ऑक्शन 9 अप्रैल को जयपुर के निजी होटल में आयोजित किया जायेगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि डीपीटल में 6 से 11 वर्ष के वर्ग के बच्चों के लिए ओपन सिंगलस और डबलस टेनिस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

सिंजारा और गणगौर उत्सव-2 आज

जयपुर । नासा (नोबल एक्टिविटीज़ एं सोशल अवेयरनेस) संस्था की ओर से ब्रिजनिधि मंदिर चाँदनी चौक पर 23 मार्च को दोपहर 2 से 5 बजे तक सिंजारा एवं गणगौर उत्सव-2 मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजिका संगीता गर्ग ने बताया कि राजस्थान की संस्कृति समूचे विश्व में अनूठी एवं अनोखी है। जयपुर की बात करें तो यहां की गणगौर विश्व प्रसिद्ध है। हमारी धूमिल होती संस्कृति को बचाने एवं बढ़ाने के लिए नासा संस्था यह कार्यक्रम करती है। संस्था अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मेहंदी लगाने, सामूहिक गणगौर पूजन, सामुहिक लोक नृत्य एवं पारम्परिक खेल, बेस्ट गणगौर, बेस्ट ईसर सहित अन्य आकर्षण कार्यक्रम में रहेंगे।